दैनिक भास्कर
25.4.2019

News in Brief

भाविका भारतीय विश्वविद्यालयीन संभावित गोताखोर दल में शामिल

इंदौर | देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की गोताखोर भाविका पिंगले का चयन 3 जुलाई से नेपोली (इटली) में खेले जाने वाले ग्रीष्मकालीन विश्वविद्यालयीन खेलों के लिए भारतीय संभावित दल में हुआ। भाविका डीएविवि की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जो विश्व विद्यालयीन खेलों के लिए संभावित दल में शामिल है। भाविका को अभा अंतर विवि स्तरीय गोताखोरी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता होने के कारण विश्वेर्या तकनीकी विवि बेलगामी द्वारा आयोजित चयन प्रतियोगिता हेतु आमंत्रित किया गया था। विश्वामित्र अवार्डी रमेश व्यास की प्रशिक्षु भाविका ने चयन ट्रायल्स के दौरान अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संभावित भारतीय दल पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। वह पिछले दो साल से स्वर्ण जीत रही हैं।

यूटीडी में पहली बार शुरू होंगे बीएससी और बीए ऑनर्स कोर्स

सीईटी के जरिए होगा प्रवेश, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पहली बार बीए ऑनर्स-इकोनॉमिक्स कोर्स शुरू होगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

डीएवीवी में पहली बार इसी साल से बीएससी ऑनर्स के चार कोर्स शुरू होंगे। ऑनर्स के पांच कोर्स शुरू होने जा रहे हैं। इन कोर्स में एडमिशन सीईटी के जरिए होंगे। तीन कोर्स को शासन की मंजूरी भी मिल गई है। अब इन्हें एडमिशन प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन के अनुसार इनमें से दो कोर्स ऐसे हैं, जिनकी जबरदस्त डिमांड है। इनमें प्लेसमेंट भी अच्छा होने की संभावना है।

यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फिजिक्स में बीएससी ऑनर्स को अनुमति मिल गई है। पहले साल से ही एडमिशन सीईटी के जरिए होंगे। साथ ही स्कूल ऑफ डेटा साइंस और स्टेटस्टिक्स विभाग मिलकर बीएससी ऑनर्स का स्पेशलाइजेशन कोर्स शुरू कर रहे हैं। यह देश में सिर्फ प्राइवेट यूनिवर्सिटी में चल रहा है। इस कोर्स की भारी डिमांड है। इसके अलावा स्कूल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स में भी बीएससी इलेक्ट्रॉनिक्स कोर्स को मंजूरी मिली है। एक महत्वपूर्ण कोर्स बीए ऑनर्स (इन इकोनॉमिक्स) स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पहली बार शुरू होगा। सीईटी में शामिल लगभग 50 कोर्स में यह कोर्स महत्वपूर्ण इसलिए भी है, क्योंकि इससे पहले यूटीडी के किसी विभाग में बीए और बीएससी ऑनर्स के कोई कोर्स शुरू नहीं हुए। सिर्फ बीकॉम ऑनर्स कोर्स चल रहा है।

ये महत्वपूर्ण क्यों?

- 100 फीसदी प्लेसमेंट। जबरदस्त डिमांड।
- इक्का-दुक्का को छोड़ किसी भी प्राइवेट यूनिवर्सिटी या कॉलेज में ये कोर्स नहीं।
- मीडियम फीस के साथ ही क्वालिटी टीचिंग के लिए फैकल्टी।

इसी साल से सीईटी में शामिल होंगे

कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार धाकड़ का कहना है कि बीएससी और बीए ऑनर्स के स्पेशलाइजेशन कोर्स इसी साल से शुरू होंगे। सीईटी चेयरमैन डॉ. विजय बाबू गुप्ता का कहना है कि इन नए कोर्स को सीईटी में शामिल कर लिया गया है। जून में होने वाली सीईटी में यह कोर्स भी शामिल रहेंगे।